## महत्वपूर्ण एवं खास

### हसदेव नदी में पलटी नाव एक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के हसदेव नदी में आंधी-तूफान के चलते नाव पलटने से नाव में सवार एक युवक की डूबने से मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक किसी तरह से तैरकर किनारे पर पहुंचा। सूचना पर मौके पर पहुंची बालको थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना बालको थाना अंतर्गत बांगो के डुबान इलाके डांगाघाट की है, जहां 32 वर्षीय कृपाल राम गाड़ा अपने दोस्त के साथ नाव में मछली लेकर हसदेव नदी पार कर रहा था। इस दौरान मौसम में हुए बदलाव से चले आंधी-तूफ ान में उनकी नाव पलट गई और दोनों दोस्त नदी में गिर गये। दोनों तैरकर बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे किंतु रास्ते में कृपाल राम की सांस उखडऩे लगी जिसके बाद उसके दोस्त ने बीच नदी में आधे घंटे तक उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कृपाल राम तैर नहीं पाया और उसकी नदी में डुबने से मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक ने नदी से बाहर निकलने में सफल हो गया और उसकी जान बच गई। जिसके बाद उसने बालको थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद बालको पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है।

### गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने गांजा बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 7 किलो 880 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन चौक के गेट नंबर 2 के पास गांजा बेचते आरोपी आयुष कुमार पांडे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 7 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं विधानसभा थाना पुलिस के टीम ने ग्राम छपोरा में दबिश देकर आरोपी सफिजन बेगम 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 780 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 550 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### दुष्कर्म के आरोपी को चौबीस घंटे में किए गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गरियाबंद (आरएनएस)।** दुष्कर्म करने के आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा चौबीस घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।घटना के विषय में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को प्रार्थी द्वारा स्थानीय सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया की उसकी नाबालिग लडक़ी को किसी व्यक्ति द्वारा बहलाफुसला कर भगा ले गया है।इस घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना की जानकारी कोतवाली प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले को दिया गया।जिसे गंभीरता से लेते हुए जिले के पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशा-निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गोपाल वैश्य के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े द्वारा कोतवाली सहायक प्रभारी गुणेश्वरी नरेकी,प्रधान आरक्षक राम कृष्ण साहू आरक्षक योगेश सिंग व महिला आरक्षक लीलेश्वरी ध्रुव की टीम बनाकर आरोपी की तलाश प्रारंभ किया गया,जिससे फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम पतोरी निवासी आरोपी केजुराम मारकंडे पिता शत्रुघ्न मारकंडे उम्र 27 को गिरफ्तार कर आरोपी के पास से नाबालिग लडक़ी को बरामद कर आरोप के खिलाफ धारा 363,366,376 ( 2 )पाक्सो एक्ट कायम कर आरोपी को जेल भेजा गया।

### मतदान जागरूकता के लिए राष्ट्रीय कला मंच ने बनाई 151 फीट की रंगोली

**रायपुर (आरएनएस)।** नेशन फस्र्ट वोटिंग मस्ट के नाम से बनाई रंगोली देशभर मे तीन चरणों में चुनाव होने थे जिसमें दो चरणों में चुनाव हो चुके हैं आने वाले 7 मई को देशभर में आखिरी चरण में चुनाव हो रहे हैं जिसमें रायपुर लोकसभा के अंदर भी 7 मई में को ही चुनाव होंगे जिसके निमित्त राष्ट्रीय कला मंच द्वारा रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रंगोली रायपुर के तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव मैं बनाई गई। रंगोली बनाने में रायपुर के कई कॉलेजेस के विद्यार्थियों की सहभागिता रही जिसमें मुख्य रूप से सिंधी गल्र्स कॉलेज व पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह बताने की कोशिश की की वोटिंग का दिन केवल छुट्टी मनाने का दिन नहीं होता यह देश के प्रत्येक नागरिकों के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का दिन होता है और यह भी बताने की कोशिश की की वोट डालना केवल हमारा अधिकार ही नहीं हमारी जिम्मेदारी भी है रिपोर्ट की माने तो यह देखा गया है की शहरों में वोटिंग परसेंटेज बहुत कम होता कुछ महीनों पहले ही छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हुए जिसमें सबसे कम वोटिंग परसेंटेज रायपुर के विधानसभाओ में ही थे।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 : जिंदल स्टील एंड पावर में चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

- 2023 बैच के प्रशिक्षु आईएएस ऑफिसर हुए शामिल, उद्योग कर्मियों को मतदान की दिलाई शपथ
- प्रशिक्षण भ्रमण में रायगढ़ पहुंचे 04 आईएएस ऑफिसर्स ने कहा- 07 मई को मतदान करने जरूर जाएं, दूसरों को भी प्रेरित करें
- जेएसपीएल कर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का दिया संदेश, रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक










**रायगढ़**

लोकसभा निर्वाचन को लेकर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन और स्वीप नोडल सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में पूरे जिले में स्वीप कार्यक्रमों के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिले के मतदाताओं को 07 मई को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में रायगढ़ के औद्योगिक संस्थानों में इंडस्ट्रियल कैप्टन कार्यक्रम के तहत उद्योग कर्मियों को सबंधित उद्योग प्रबंधन के सहयोग से मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

रायगढ़ के जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट में रविवार दोपहर को मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां श्रमिकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही उद्योग कर्मियों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदान की तारीख 07 मई का फॉर्मेशन बना कर सभी को मतदान का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण भ्रमण के लिए रायगढ़ पहुंचे छत्तीसगढ़ कैडर के 2023 बैच के 04 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी अनुपमा आनंद, सहायक कलेक्टर रायपुर, एम भार्गव सहायक कलेक्टर दुर्ग, तन्मय खन्ना सहायक कलेक्टर बिलासपुर और दुर्गा प्रसाद अधिकारी, सहायक कलेक्टर जांजगीर चांपा भी शामिल हुए। अनुपमा आनंद ने सभी उद्योग कर्मियों को 07 मई को अनिवार्य रूप से मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व 5 वर्ष में एक बार आता है। इसमें हम सभी को नागरिक के रूप में अवश्य हमारे दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। साथ ही अपने परिवार तथा आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। मतदान हर नागरिक का कर्तव्य है, इसके माध्यम से वह लोकतंत्र की मजबूती में अपनी सहभागिता निभा सकता है। इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में जिंदल के अधिकारी कर्मचारी और उद्योग कर्मी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि रायगढ़ जिले में उद्योगों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इंडस्ट्रियल कैप्टन को मतदान दिवस के दिन सभी कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। साथ ही उद्योग प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि क्रमिक रूप कर्मचारियों को मतदान के लिए अवकाश दें। जिससे सभी अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

## कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़**

दिनांक 27/04/2024 को थाना कोतवाली में स्थानीय महिला द्वारा उसकी नाबालिग लडकी के साथ सज्जाद अली (39 वर्ष) द्वारा डरा धमका कर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को सज्जाद अली की पत्नी घर आकर उसके मोबाइल पर लड़की का आपत्तिजनक फोटो दिखाकर झगड़ा करने लगी। तब महिला अपनी बेटी से पूछी तो उसने बताया कि 18 अप्रैल के सुबह घर के पीछे खाना बनाने के लिए लकड़ी काट रही थी। तभी वहां बकरी चराने के बहाने से सज्जाद अली आया और डरा धमका कर खाली कमरे में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया और मोबाइल पर अंतरंग फोटो ले लिया था और घटना किसी को नहीं बताने की धमकी भी दिया। बालिका डर और लोक लाज से घटना किसी को नहीं बताई थी। बालिका के घरवालों द्वारा घर परिवार में सलाह मशवरा कर कल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराये। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी सज्जाद अली s/o दिलावर हुसैन पर अपराध क्रमांक 246/2014 धारा 376, 323,506 आईपीसी, 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को तत्काल हिरासत में लिया गया जिससे घटना में प्रयुक्त मोबाइल की जप्ती कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में पेश कर जेल भेजा गया है।



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर महिला संबंधी अपराध पर त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, महिला उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

## झगड़ा व मारपीट कर रहे 5 बदमाशों को चक्रधरनगर पुलिस ने बलवा, लोक शांति भंग और प्रतिबंधात्मक धाराओं पर कार्यवाही कर भेजा जेल

- 8 आरोपियों पर नामजद अपराध दर्ज, देर रात पुलिस की जारी रही छापेमारी, शांति भंग करने वालों पर आगे भी होगी सख्त कार्रवाई

**रायगढ़**

दिनांक 27/04/2024 की रात्रि करीब 10:30 बजे थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को पंजरी प्लांट मरीन ड्राइव के पास कुछ शरारती किस्म के युवकों द्वारा झगड़ा-लड़ाई, हुड़दंग करने की सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे पेट्रोलिंग पार्टी को मरीन ड्राइव पहुंचने निर्देशित कर अतिरिक्त बल लेकर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां कुछ लड़के गाली गलौज करते हुए दूसरे पक्ष को लाठी डंडा से मारपीट कर धमकी दे रहे थे। पुलिस की गाड़ी की सायरन सुन कुछ लड़के इधर-उधर भागे। पुलिस ने मौके पर पांच युवकों को पकड़ा और थाने लाया गया।

पकड़े गए बदमाशों द्वारा मौके पर भय और अशांति का माहौल बना रखे थे जिससे कोई शिकायत के लिए आगे नहीं आया।चक्रधर नगर पुलिस ने 8 आरोपियों के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 211/2024 धारा 147,290,294 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों के कृत्य पर पृथक से धारा 151, 107,116(3) सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। जहां पेश किए गए पांचों आरोपियों का जेल वारंट जारी करने पर पुलिस ने आरोपियों को जेल दाखिल किया है।

वर्तमान में जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। जिला पुलिस किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सख्त कार्यवाही करेगी। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा मामले में संलिप्त प्रत्येक आरोपी पर सख्त कार्यवाही के निर्देश थाना प्रभारी को दिए गए हैं। थाना प्रभारी चक्रधर नगर व उनकी टीम द्वारा फरार आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

पुलिस शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले असामाजिक, बदमाश व आपराधिक तत्वों पर आगे भी कठोर कार्यवाही रखेगी।

**गिरफ्तार कर जेल भेज गये आरोपी -**

(1) सोनी पांडे पिता स्वर्गीय कन्हैया पांडे उम्र 24 साल,

(2) देवेश कुमार यादव उर्फ लाल पिता दिल चंद यादव उम्र 23 साल

(3) सुमेश सिंह सिदार उर्फ मोनू पिता स्वर्गीय फूल सिंह सिदार उम्र 26 साल तीनों निवासी पहाड़ मंदिर कौहाकुंडा थाना चक्रधरनगर

(4) आमीर उल्लाह खान उर्फ छोटू पिता चांद मोहम्मद उमर 25 साल निवासी प्रेमनगर थाना चक्रधर नगर

(5) संजय मंडल पिता स्वर्गीय रमेश मंडल उमर 24 साल निवासी कोरिया दादर थाना चक्रधरनगर

## कनाडियन एयरलाइंस में फूड पैकेजिंग का जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को छाल पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपी से ठगी का 3 लाख 70,000 रुपए जब्त

- आरोपी को बिहार के समस्तीपुर से गिरफ्तार कर लाई छाल पुलिस

**रायगढ़**

कनाडियन एयरलाइंस में फूड प्रोसेसिंग का जॉब दिलाने का झांसा देकर वीजा व अन्य कागजात बनाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में छाल पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर छाल पुलिस द्वारा आरोपी कुंदन कुमार को बिहार के समस्तीपुर से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है। आरोपी से ठगी के रु.3,70,000 नगद और एक वीवो कंपनी का टच स्क्रीन मोबाइल की जप्ती की गई है।

जानकारी के मुताबिक 13 अप्रैल को थाना छाल में रिपोर्टकर्ता/आवेदक संदीप कुमार तिग्गा पिता लाल साय तिग्गा (36 साल) निवासी ग्राम पुरूंगा थाना छाल द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके दोस्त के जरिये कुन्दन कुमार नाम के व्यक्ति से बात हुई जिससे दिल्ली में मिला था। कुंदन कुमार ने विदेश में जाब दिलाने का आश्वासन देकर अपना आधार कार्ड, विजिटिंग कार्ड दिया और कनाडियन एयर लाईन में फूड पैकिंग कनाडा में जॉब देने की बात कहकर प्रोसेस के नाम पर पहले 25,000- रूपये लिया। थोडे दिन बाद टिकट बुकिंग के लिए 1,50,000 रूपये भेजने बोला और टिकट बुक कर भेज देगा बताया। फिर 10-15 दिन बाद कुंदन ने वीजा के नाम पर 1,95,000 रूपये लिये। दिसंबर 2023 से फरवरी 2024 तक संदीप से कुंदन ने कुल 3,70,000 ऑनलाइन फोन पर और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से प्राप्त किया। संदीप ने सबूत के नाम पर टिकट एवं वीजा भेजने के लिए कुंदन को बोला तो उसने मोबाईल चोरी हो जाने और उसी में सब टिकट होने की बात बोला। संदीप को आभास हुआ कि साथ धोखाधडी कर रहा है। उसने साईबर क्राईम पोर्टल में आनलाईन शिकायत दर्ज कराया जिससे कुंदन का बैंक अकाउट फ्रीज हो गया । कुंदन द्वारा संदीप पर दबाव बनाया गया कि शिकायत वापस ले ले। संदीप तिग्गा के लिखित आवेदन पर थाना छाल में आरोपी पर अप.क्र. 82/2024 धारा 420 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

छाल पुलिस पीड़ित संदीप तिग्गा के बैंक डिटेल निकालकर आरोपी का लोकेशन लिया गया और शीघ्र बिहार में दबिश देकर आरोपी कुंदन कुमार पिता रामजतन पंडित उम्र 26 साल निवासी हवासपुर थाना पटोरी जिला समस्तीपुर (बिहार) हाल मुकाम एमसीएफ 162 चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि उसने रिपोर्टकर्ता संदीप तिग्गा से रु.3.70 लाख की ठगी के अलावा संजोग मिंज निवासी जशपुर से रु.3.50 लाख तथा संजीत कुमार कुजूर निवासी सुंदरगढ़ उड़ीसा से रु.3.50 लाख जॉब दिलाने, कनाडियन वीजा लगाने के नाम पर प्राप्त किया और उन पैसों का पासपोर्ट बनाने में के काम में ना लगाकर व्यक्तिगत इस्तेमाल कर लिया। छाल पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम पर शेष बचे रु.3,70,000 और उसका एक वीवो कंपनी का मोबाइल जप्ती किया गया है। आरोपी को कल शाम गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम व एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के कुशल मार्गदर्शन पर आरोपी पतासाजी/गिरफ्तारी की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस, उपनिरीक्षक मदन पाटले, आरक्षक गोविंद बनर्जी, जितेंद्र दुबे और हरेंद्रपाल जगत की सराहनीय भूमिका रही है।

## एक महिला समेत दो नक्सलियों ने किया सरेंडर



**सुकमा । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के सुकमा इलाके में सक्रिय दो नक्सलियों ने पड़ोसी राज्य तेलंगाना में सरेंडर किया है। इनमें एक महिला नक्सली शामिल है। यहां भद्रादि कोत्तागुडम पुलिस के सामने दोनों नक्सलियों ने हथियार डाले हैं। ये दोनों नक्सली किस्टाराम एरिया कमेटी में पिछले 13 सालों से सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ में एनकाउंटर का डर था इसलिए हिंसा का रास्त छोड़ा और मुख्यधारा में लौट आए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नक्सली पोडियम इदुमैया उर्फ हरीश और उइके मुथ्यालक्का ये दोनों नेमलागुड़ा के रहने वाले थे। किस्टाराम एरिया कमेटी में सक्रिय थे। साल 2011 से नक्सल संगठन के साथ जुडक़र काम कर रहे थे। अलग-अलग घटनाओं में शामिल थे। पुलिस पार्टी को एंबुश में फंसाना। जवानों की रेकी करना। हत्या, आगजनी जैसी वारदातों में भी शामिल रहे हैं।

### परीक्षा परिणाम से होने वाले तनाव को दूर करने की पहल

## 30 अप्रैल 2024 को जिले के सभी स्कूलों में आयोजित होगा, शिक्षक -पालक सम्मेलन

**रायगढ़**

आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थियों द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। जैसे-जैसे बोर्ड परीक्षा परिणाम के दिन नजदीक आते जा रहे हैं, छात्रों के दिलों की धड़कन बढ़ने लगी है। 10वीं और 12वीं के छात्रों के चेहरे पर चिंता व तनाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। लेकिन यह तनाव कई बार घातक भी साबित हो जाता है। यही कारण है कि इस वक्त छात्रों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उनके डर को समझना, उनसे बात करते रहना,और उनके मन में पनप रहे भावी परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव व अवसाद को दूर करने हेतु सार्थक व उपचारात्मक प्रयास व पहल करना उतना ही जरूरी। इसी तारतम्य में शिक्षा विभाग ने पालक शिक्षक बैठक/पीटीएम समय-समय पर लिए जाने की प्राथमिकता तय की है। इस संबंध में विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि छात्र और पालकों को जागरूक करने हेतु दक्षता विकास प्रशिक्षण/ पीटीएम आयोजित किया जाए ताकि, किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जा सके।

इस हेतु यह बात विद्यार्थियों तथा माता-पिता तक पहुंचाना बेहद लाजमी है कि, परीक्षा परिणाम रिजल्ट आशा अनुरूप न होना जीवन का कोई अंतिम परीक्षा रिजल्ट नहीं है। हमारे समझ बहुत से ऐसे उदाहरण है जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है किंतु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं। तथा वह हमारे प्रेरणा स्रोत रहे हैं। इस हेतु जन जागरण एवं सकारात्मक माहौल बच्चों एवं पालकों के मध्य लाना है। पालक बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया देवे।

ध्यान रखें तनाव ग्रसित बच्चों में पूर्व से ही कुछ लक्षण दिखाई देने लगते हैं यथा, शांत (मौन) रहना, अकेले गुमसुम रहना, किसी काम में मन ना लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना,आदि। इन तथ्यों के आधार पर हमें समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए ध्यान रखना है। इस महत्वपूर्ण कार्य में बोर्ड कक्षाओं के कक्षा शिक्षकों, पालकों,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं अन्य शासकीय अमलों का सहयोग लेना है जो शिक्षा से इस कार्य में जुड़ना चाहते हैं। यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है तो, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के टोल फ्री नंबर 1800 23 34363 पर दिनांक 1 मई से 15 मई तक समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 तक तथा मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर 24/7 संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चिन्हांकित मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों, करियर सलाहकार, तथा एससीईआरटी के विशेष एकेडमिक सहयोग से ऑनलाइन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 29 अप्रैल 2024 समय दोपहर 12:00 से किया जा रहा है। जिसका वेब लिंक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी छत्तीसगढ़ के माध्यम से सर्व संबंधित शिक्षकों को भेजा जाएगा। शिक्षा विभाग के इस सार्थक प्रयास से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को एक साथ इस दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकते हैं। प्रशिक्षण/ पीटीएम के दौरान आदर्श आचार संहिता का अनिवार्यता पालन भी सुनिश्चित करना होगा।

रायगढ़ जिले के सभी स्कूलों में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के निर्देश पर आगामी दिनांक : 30 अप्रैल 2024 को प्रातः 08 से 10 बजे के बीच शिक्षक-पालक सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार आयोजित किया जायेगा। जिसमें परीक्षा परिणाम के कारण होने वाले तनाव के संबंध में पालकों को जागरूक किया जावेगा। इस संबंध में ऑनलाइन बैठक लेकर डीईओ, सहायक संचालक, डीएमसी एवं एपीसी ने सभी प्राचार्यो एवं सीएसी को निर्देशित किया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480